हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 29 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र की बाबैन तहसील से राजस्व विभाग की चार डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया।

2. मुख्यमंत्री ने कहा कि कागज रहित रिजिस्ट्री प्रणाली से पर्यावरण बचेगा और भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

3. सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पेपर रहित रिजिस्ट्री को पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

4. मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए एक भारत - श्रेष्ट भारत पहल के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया है।

5. हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल के लोगों से स्वच्छता अभियान में योगदान देने की अपील की।

***************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र की बाबैन तहसील से हरियाणा राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की चार डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया।

इन पहलों में पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, सीमांकन पोर्टल , व्हाट्सएप चैट बोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया जिसमें चारों योजनाओं से संबंधित जानकारी रहेगी।

इन परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़े में लोगों की सुविधा के लिए इन डिजिटल पहलों शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कागज रहित इन पहलों से हम पर्यावरण को बचा रहे हैं और राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी।

********************************************************************

मुख्यमंत्री द्वारा बाबैन से वर्चुअल माध्यम से चार डिजिटल पहलों के शुभारंभ के साथ ही हरियाणा की सभी तहसीलों में आज इन पहलों की शुरुआत हो गई।

जींद के कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा उपपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि इस डिजिटल युग में यदि प्रशासनिक तंत्र पारंपरिक कागजी कार्यप्रणालियों में ही जकड़ा रहे, तो वह जन अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता। उन्होंने कहा इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

****************************************************************

पंचकूला में पेपर रहित रजिस्ट्री व निशानदेही सहित छार डिजिटल पहलों की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा भी उनके साथ मौजूद रही। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल क्रांति पूरे देश में लाने का कार्य किया था, आज उसी दिशा में हरियाणा ने नया आयाम स्थापित किया है। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

****************************************************************

सिरसा में राजस्व विभाग की चार डिजिटल सेवाओं के शुभारंभ पर पर के शुभारंभ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि राजस्व विभाग की चार सेवाओं का डिजिटलाइजेशन का कार्य व्यापक परिवर्तन लाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इससे जनता को घर बैठे लाभ मिलेगा। और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

****************************************************************

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के माध्यम से विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया है, संस्कृतियों, परंपराओं और लोगों के बीच संबंधों को जोड़ा है...

हमारे देश में सैकड़ों बोलियां हैं तो कई भाषाएं.....हर इलाके का अलग पहनावा और अलग खान-पान है...इसके बावजूद कुछ है..जो हमें एक धागे में बांधता है...इसी भावना को मजबूत करने के लिए साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश दिया था..एक भारत श्रेष्ठ भारत...

सदियों से हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं..पूरे देश को बांधे हुए हैं... स्थानीय उत्पाद अपनी माटी की सोंधी गमक को ना सिर्फ समेटे हुए हैं..बल्कि एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ने का माध्यम भी हैं... प्रधानमंत्री ने अक्सर लोगों से अपील की है कि उन्हें वे अपनाएं.....

एक भारत श्रेष्ठ भारत...ये प्रधानमंत्री मोदी की ऐसी पहल है...जिससे एक राज्य के लोग दूसरे राज्य की संस्कृति और लोक परंपराओं को ना सिर्फ नजदीक से देख रहे हैं.....बल्कि वहां के लोगों से आत्मीय रिश्ता भी बना रहे हैं...अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार , चंडीगढ़

*************************************************************

हरियाणा सरकार में खेल एवं युवा अधिकारिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचवटी मंदिर के निकट श्रमदान किया। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के क्षेत्र को साफ व स्वच्छ रखकर स्वच्छता अभियान में सहयोग देने की अपील की। खेल मंत्री ने कहा –

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला भी मौजूद रहे।

*************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

वे आज फरीदाबाद में सेवा पर्व के तहत चल रहे 'स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान संबंधी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल आयोजन नहीं, बल्कि नागरिकों में सेवा भावना जगाने का माध्यम है।

केन्द्रीय मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर महिलाओं के स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण भी किया और कार्यक्रम के आरंभ में पौधारोपण भी किया ।

*************************************************************